रविवार
19 मार्च, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



मुजफ्फरपुर से अगवा चिकित्सक का बेटा भोजपुर से बरामद 2



# पुलवामा में सड़क हादसे में बिहार के चार लोगों की मौत

- जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में बेकाबू बस पलटी
- कई घायल अस्पताल में भर्ती, हादसे पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जताया दुख

**एजेंसी/श्रीनगर**

जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में शनिवार को दर्दनाक हादसा हो गया। जिले के अवंतीपोरा इलाके में एक बस बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि कई जख्मी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस का कहना है कि मरने वाले लोग बिहार के रहने वाले थे। जम्मू कश्मीर पुलिस के अधिकारी ने बताया कि अवंतीपोरा के गोरीपोरा इलाके में नेशनल हाइवे पर बस पलट गई। इसमें कई यात्रियों को चोटें आईं। उन्होंने बताया कि तीन घायलों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया जबकि एक अन्य ने पंपोर के अस्पताल में दम तोड़ा। कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मरने वालों की



पहचान नसरुद्दीन अंसारी पुत्र इस्लाम अंसारी निवासी खैरावा टोला पकड़ी हरदीतेरा पश्चिमी चंपारण, बिहार, राज करण दास पुत्र शिवू सिंघारी गोबिंदपुर किशनगंज, खटिया पिछिया, बिहार, सलीम अली पुत्र मोहम्मद अलाउद्दीन निवासी हकीमनगर चिल्हापारा, कटिहार और कैसर आलम पुत्र शेओ माजकुरुल निवासी बीरनगर शरीफनगर बारसोईखाट, कटिहार, बिहार के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हादसे पर दुख व्यक्ति किया। उन्होंने जिला प्रशासन को प्रभावित लोगों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### सीएम ने की मृतक के परिवार को 2-2 लाख रु. देने की घोषणा

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में बस के पलटने से हुई सड़क दुर्घटना में बिहार के 4 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के शोक संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि जम्मू-कश्मीर सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके गांव तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही हादसे में घायल हुए बिहार के लोगों के समुचित इलाज की व्यवस्था कराने का भी निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शान्ति तथा उनके परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# मप्र के बालाघाट में चार्टर प्लेन क्रैश, दोनों पायलट मारे गए

**केटी न्यूज/भोपाल**

मध्यप्रदेश के बालाघाट में शनिवार दोपहर को एक चार्टर प्लेन क्रैश हो गया। विमान में एक पायलट और एक ट्रेनी पायलट सवार थे। दोनों की मौत हो गई। एक की बॉडी दो चट्टानों के बीच जलती हुई नजर आई। हादसा बालाघाट जिले के लांजी और किरनापुर के बीच भक्कुटोला-कोसमारा की पहाड़ी पर हुआ। घटना में ट्रेनी पायलट रुकशंका वरसुका और इंस्ट्रक्टर मोहित की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार यह प्लेन ट्रेनी विमान था, जो महाराष्ट्र के गोंदिया जिले की बिरसी एयरस्ट्रीप से उड़ा था। घटनास्थल बालाघाट जिला मुख्यालय से करीब 40 किमी दूर है।



घटना दोपहर करीब 3.20 बजे की है। ये विमान हादसे से करीब 15 मिनट पहले ही बिरसी हवाई पट्टी से उड़ा था। फिलहाल बचाव दल वहां पहुंच गया है। अभी हादसे की वजह पता नहीं चली है। बालाघाट जिले में जहां प्लेन गिरा है, वहां दोनों ओर पहाड़ हैं। पहाड़ों के बीच में करीब 100 फीट गहरी खाई में प्लेन का मलबा मिला है।

# मधेपुरा में दिनदहाड़े पूर्व प्रमुख की गोली मारकर हत्या

**मधेपुरा।** मधेपुरा में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े बिहारीगंज के पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। कृष्ण कुमार बिहारीगंज थाना क्षेत्र के बभनगांमा चौक स्थित अपने निजी गिट्टी बालू दुकान पर बैठे थे, इसी दौरान बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। घटना के कारणों का कोई खुलासा नहीं हो पाया है। इधर आक्रोशित लोगों ने बिहारीगंज-मुरलीगंज स्टेट हाइवे 91 को जाम कर तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। घटना की सूचना पाकर मौके वारदात पर पहुंची पुलिस और उदाकिशुनगंज एसडीपीओ सतीश कुमार ने लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटवाया।

## खबरें फटाफट

### पुलिस की दबिश देख मनीष कश्यप ने किया सरेंडर

**बेतिया।** तमिलनाडु में बिहार के मजदूरों से कथित भेदभाव मामले में झूठा वीडियो वायरल करने के आरोपी मनीष कश्यप ने बिहार पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। शनिवार को इसकी जानकारी बिहार पुलिस ने ट्वीट कर दी है। यूट्यूबर ने बेतिया के जगदीशपुर थाना में आत्मसमर्पण किया है। मनीष कश्यप के घर कुर्की जब्ती होने वाली थी जिसके पहले ही उसने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। बता दें कि इसके पहले ईओयू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मनीष कश्यप के बैंक खातों को फ्रीज भी कराया था। मनीष कश्यप के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता के सबूत भी मिले इस पर जांच चल रही है। मनीष कश्यप पर सात केस हैं जिसमें से पांच केस में वह चार्जशीटेड है।

### बीजेपी को मजबूत कर रहे नीतीश: ओवैसी

**पूर्णिया:** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी शनिवार को पूर्णिया के बायसी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए उनको बीजेपी को मजबूत करने का सूत्रधार बताया। साथ ही आरजेडी पर हमला बोलते हुए कहा कि पैसों के दम पर उन्होंने ओवैसी के विधायकों को खरीदा। ओवैसी ने कहा कि तारीख जब लिखी जाएगी तब नीतीश कुमार का नाम बीजेपी को मजबूत करने में शुमार होगा, भले ही वह मुख्यमंत्री बन गए हो लेकिन बीजेपी को मजबूत करने में उनका अहम योगदान है।

### प्रधानमंत्री बोले... नए अध्याय की शुरुआत हुई, सितंबर 2018 में रखी गई थी इसकी नींव

# पीएम मोदी ने किया भारत-बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन का उद्घाटन

- भारत बांग्लादेश को 1100 मेगावाट से अधिक बिजली की कर रहा आपूर्ति
- लगभग 377 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है पाइपलाइन को





**केटी न्यूज/पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन का शनिवार को उद्घाटन किया। ऑनलाइन आयोजित इस कार्यक्रम में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भी मौजूद रहीं। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि दोनों देशों के रिश्ते को लेकर नए अध्याय की शुरूआत हुई है। इसकी नींव हमने सितंबर 2018 में रखी थी। मुझे खुशी है कि आज पीएम शेख हसीना के साथ इसका उद्घाटन करने का अवसर आ गया। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह पाइपलाइन बांग्लादेश के विकास को और गति देगी, और दोनों देशों के बीच बढ़ती कनेक्टिविटी का भी उत्कृष्ट उदाहरण रहेगी। उन्होंने आगे कहा इसी का परिणाम है, कि कोविड महामारी के दौरान हमें रेल नेटवर्क के जरिए बांग्लादेश को ऑक्सीजन आदि भेजने में सुविधा रही। उनके इस दूरदृष्टि भरे विजन के लिए मैं प्रधानमंत्री शेख हसीना जी का हृदय से अभिनंदन करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि कितना शुभ संयोग है, कि आज का यह उद्घाटन, बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की जन्म जयंती के एक दिन बाद हो रहा है। बंगबंधु के शोनार बांग्ला विजन में पूरे क्षेत्र का मैत्रीपूर्ण विकास और समृद्धि शामिल था. यह संयुक्त प्रोजेक्ट उनके इस विजन का उत्तम उदाहरण है।

**कितनी बिजली भारत दे रहा है?:** पीएम मोदी ने बताया कि भारत बांग्लादेश को 1100 मेगावाट से अधिक बिजली की आपूर्ति कर रहा है। मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की पहली इकाई शुरू हो गई है। इसका उद्घाटन पिछले साल पीएम शेख हसीना की भारत यात्रा के दौरान किया गया था। अब हम दूसरी यूनिट को भी जल्दी शुरू करने की दिशा में काम कर रहे हैं। बता दें कि दोनों देशों के बीच यह पहली सीमापार पाइपलाइन है। इसे लगभग 377 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। कुल कीमत में 285 करोड़ रुपये बांग्लादेश में पाइपलाइन बिछाने में व्यय हुए हैं। यह राशि भारत ने अनुदान सहायता के तहत खर्च की है।

### ग्लोबल मिलेट्स सम्मेलन में बोले पीएम मोदी... श्री अन्न भारत में समग्र विकास का माध्यम बन रहा है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली में ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष (आईवाईएम)-2023 पर एक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा, मुझे गर्व है कि भारत 'अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष का नेतृत्व कर रहा है। ग्लोबल मिलेट्स कॉन्फ्रेंस जैसे आयोजन न केवल ग्लोबल गुड के लिए जरूरी हैं बल्कि ग्लोबल गुड्स के लिए भारत की बढ़ती जिम्मेदारी का प्रतीक भी हैं।
प्रधानमंत्री ने कहा, जलवायु लचीला होना मिलेट्स की ताकत है। बहुत प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में भी मिलेट्स का आसानी से उत्पादन हो जाता है। इसकी पैदावार में अपेक्षाकृत पानी भी कम लगता है, जिससे पानी के संकट वाली जगहों के लिए ये एक पसंदीदा फसल बन जाती है। पीएम मोदी ने आगे श्री अन्न योजना की तारीफ की। बोले, 'श्री अन्न' भी भारत में समग्र विकास का माध्यम बन रहा है, इसमे गांव भी जुड़ा है और गरीब भी जुड़ा है। श्री अन्न यानी देश के छोटे किसानों के समृद्धि का द्वार है। श्री अन्न यानी देश के करोड़ों लोगों के पोषण का कर्णधार है। श्री अन्न यानी देश के आदिवासी समाज का सत्कार है। श्री अन्न यानी कम पानी में ज्यादा फसल की पैदावार है। श्री अन्न यानी केमिकल मुक्त खेती का बड़ा आधार है। श्री अन्न यानी क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से निपटने में मददगार है। उन्होंने कहा, 'श्री अन्न' केवल खेती या खाने तक सीमित नहीं हैं, जो लोग भारत की परंपराओं से परिचित हैं, वह ये भी जानते हैं कि हमारे यहां किसी के आगे 'श्री' ऐसे ही नहीं जुड़ता है। जहां 'श्री' होती हैं वहां समृद्धि भी होती है और समग्रता भी होती है।

## पीएफआई का संदिग्ध मोतिहारी से गिरफ्तार

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में पटना एटीएस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को मेहसी थाना के सहयोग से पीएफआई के एक संदिग्ध युवक मोहम्मद इरशाद आलम को हरपुरनाग स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया है। मो. इरशाद को एनआईए का वांटेड मोहम्मद याकूब उर्फ सुल्तान उस्मान खान का करीबी बताया जा रहा है। इरशाद के साथ क्या-क्या बरामदगी हुई है? इसकी जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। इरशाद मेहसी थाना क्षेत्र के हरपुर नाग गांव के रहने वाले नईमुद्दीन अंसारी का पुत्र है। जिसकी तलाश सालों से एनआईए की टीम कर रही थी। इस बीच एटीएस को सूचना मिली कि इरशाद अपने घर आया है। इसी सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया।

### बिहार सरकार का बड़ा फैसला

# रमजान में एक घंटा पहले दफ्तर से घर जा सकेंगे मुस्लिम कर्मचारी

**केटी न्यूज/पटना**

नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने रमजान के मौके पर मुस्लिम कर्मचारियों के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने रमजान के महीने में मुस्लिम कर्मचारी और अधिकारियों के लिए ड्यूटी के समय में बदलाव किया है। नए आदेश के मुताबिक मुस्लिम कर्मचारी एक घंटे पहले ऑफिस आकर एक घंटे पहले दफ्तर से जा सकेंगे। बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में एक सर्कुलर जारी किया है। सरकार का यह आदेश हर साल रमजान के महीने में स्थायी तौर पर लागू रहेगा।

### रामवनमी पर भी ऐसा करे सरकार: बीजेपी

बीजेपी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने इस फैसले पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि ये पीएफआइ सोच को दर्शाता है। सरकार भी पीएफआई के सोच को बढ़ावा दे रही है। जायसवाल ने कहा कि बिहार में इससे पहले या पूरे देश में ऐसा कभी नहीं हुआ था। इस फैसले ने ये साबित किया कि ये सरकार पीएफआई से जुड़े लोगों की है। जायसवाल ने कहा कि रामवनमी पर भी सरकार ऐसा करे। क्योंकि उस दौरान भी हिंदुओं को सुबह में पूजा अनिवार्य होती है।




### केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एक अप्रैल से पहले नया सेशन शुरू करनेवाले स्कूलों को भेजा नोटिस

# सीबीएसई की चेतावनी... एक अप्रैल से ही शुरू हो नया सेशन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने नए एकेडमिक सेशन 2023-24 के लिए एक सख्त सर्कुलर जारी किया है। बोर्ड ने कहा है कि कुछ स्कूलों ने एक अप्रैल से पहले नया सेशन शुरू कर दिया है। इसके लिए इन स्कूलों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है। एकेडमिक कैलेंडर को हर हाल में अपनाने का निर्देश दिया है। बोर्ड सचिव अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि कम समय सीमा में सिलेबस को पूरा करने के लिए सेशन जल्द शुरू करना गलत है। इससे छात्रों में चिंता और थकान पैदा होती है। इसके चलते लाइफ स्किल्स, वैल्यू एजुकेशन, हेल्थ और फिजिकल एजुकेशन, वर्क एजुकेशन और कम्युनिटी सर्विस जैसी एक्स्ट्राकरीकुलर एक्टिविटी के लिए काफी कम समय मिलेगा या फिर नहीं ही मिलेगा। छात्रों के जीवन में ये गतिविधियां कोर्स को पूरा करने के बराबर ही महत्वपूर्ण हैं।

**प्रिंसिपल और स्कूल मैनेजर को चेतावनी:** सीबीएसई ने आगे कहा कि बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्यों और संस्थानों के प्रमुखों को सलाह दी जाती है कि वे हर साल 1 अप्रैल से पहले एकेडमिक सेशन शुरू करने से बचें। एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार, सेशन एक अप्रैल से 31 मार्च के बीच होता है।

### 21 मार्च को खत्म होगी 10वीं की परीक्षाएं

इस समय सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। 10वीं बोर्ड परीक्षाएं 21 मार्च को समाप्त होंगी, जबकि कक्षा 12 की परीक्षाएं 5 अप्रैल तक चलेंगी। इस साल 38 लाख से अधिक छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है।

**अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई:** बोर्ड ने पेपर लीक से संबंधित अफवाहों पर भी दिशा निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व नियमित रूप से यूट्यूब, फेसबुक, ट्वीटर और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर पेपर लीक के बारे में अफवाहें फैला रहे हैं। या 2023 परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों तक पहुंच का दावा कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर नजर रखी जा रही है। ऐसे लोगों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# राज्य में 20 मार्च से 3 अप्रैल तक पोषण पखवाड़े की होगी शुरुआत: कौशल किशोर

- मिलेट्स यानी मोटे अनाजों के इस्तेमाल पर दिया जाएगा विशेष ध्यान
- आंगनबाड़ी से जिलास्तर पर आयोजित की जाएंगी विभिन्न गतिविधियां

**केटी न्यूज/पटना**

राज्य में 20 मार्च से 3 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा चलाया जाएगा। इस दौरान व्यापक एवं समग्र रूप से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, किशोरियों एवं 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण स्तर में आपेक्षित सुधार लाने के लिए जन भागीदारी से गतिविधियों का आयोजन कर जन आन्दोलन का रूप देने का प्रयास किया जायेगा। उक्त बातें शनिवार को आईसीडीएस के निदेशक कौशल किशोर ने पोषण पखवाड़े पर आयोजित बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़े में मिलेट्स यानी मोटे अनाजों के इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा। समाज में मोटे अनाज को गरीबों के आहार से जोड़ा जाता है। जबकि मोटे अनाजों में प्रचूर मात्रा में पोषक तत्व उपलब्ध होते है। यह आहार में पोषक तत्वों की कमी को पूरा भी करता है।

**परियोजना स्तर पर आयोजित होनेवाली गतिविधियां :** पोषण पखवाड़ा के दौरान परियोजना स्तर पर पोषण रैली, प्रभात फेरी, साईकिल रैली तथा प्रखंड स्तरीय सीएपी बैठक का आयोजन किया जायेगा। साथ ही पोषण परामर्श केंद्र की स्थापना, स्वस्थ बालक बालिका पारितोष वितरण एवं बाजरा संबंधित रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर पखवाड़े के दौरान पोषण रैली, प्रभात फेरी, साईकिल रैली, जागरूकता रथ द्वारा प्रचारझ्प्रसार, जिला स्तरीय पोषण सेमिनार/कार्यशाला का आयोजन जिला स्तरीय सीएपी बैठक का आयोजन, पोषण मेला, स्वस्थ बालक बालिका पारितोष वितरण एवं बाजरा संबंधित रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

**गतिविधियों के अलावा समुदाय रेडियो से जागरूकता :** सभी गतिविधियों के अलावा समुदाय रेडियो से जागरूकता, जीविका समूह की बैठक, स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक, नुक्कड़ नाटक, किशोर समूह के साथ बैठक, टीकाकरण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल शिक्षा, फूड फोटीर्फिकेशन, किशोरोयों की शिक्षा आदि विषयों पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान पोषण सलाहकार डॉ. मनोज, विश्व बैंक के पोषण सालाहकर मंत्रेश्वर झा, क्षमतावर्धन एवम व्यवहार परिवर्तन संवाद सलाहकार डॉ कुमारी चंदा, पिरामल फाउंडेशन, यूनिसेफ, केयर इण्डिया, अलाइव एन्ड थराइव, पीसीआई, सीथ्री, पाथ, प्रथम एडुकेशन फाउंडेशन एवं सीफार के प्रतिनिधि शामिल थे।




### 3 विषयों पर आधारित गतिविधियों का आयोजन

पोषण अभियान की राज्य नोडल रीफत अंसारी ने कहा कि पोषण पखवाड़े के दौरान तीन विषयों पर बल होगा। जिसमें पोषण के लिए मिलेट्स यानी मोटे अनाज की उपयोगिता के लिए प्रचार-प्रसार, स्वस्थ बाल बालिका स्पर्धा का आयोजन एवं सक्षम आंगनवाड़ी का प्रचार-प्रसार शामिल होगा। पोषण के संदेश के प्रचार-प्रसार के लिए आंगनवाड़ी केंद्र एवं परियोजना स्तर पर तिथिवार गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण रैली, प्रभात फेरी, माता समूह के साथ बैठक, गृह भ्रमण, हैंड वाशिंग, वृद्धि निगरानी, आपदा प्रबंधन, पोषण वाटिका की स्थापना, संध्या बैठक का आयोजन, दिवाल लेखन, किशोरी समूह की बैठक, प्रश्नोतरी, चित्रकारी, निबंध/रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, योग एवं आयुष गतिविधि, जीविका समूह के साथ बैठक एनीमिया कैंप एवं वीएचएसएनडी स्तर का आयोजन किया जाना है। इसके अलावा बिहार दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र एवं उसके आसपास के जगहों की सफाई की जानी है।

## खबरें फटाफट

### शिविर में 86 लोगों की हुई नि :शुल्क जांच

**जहानाबाद।** आरएन हॉस्पिटल जहानाबाद की ओर से अस्पताल परिसर में नि :शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जय कींकर मिश्र, अस्पताल के संस्थापक रामनंदन प्रसाद, समाजसेवी सह जिला फुटबॉल संघ के सचिव राजीव कुमार रंजन ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। शिविर में लाल पैथ लैब्स में ब्लड शुगर, डायबिटीज, थायराइड, विटामिन डी, यूरिक एसिड सहित अन्य कई तरह की जांच की गई। जांच के बाद अस्पताल के डॉक्टर जय कींकर मिश्र द्वारा सामान्य चिकित्सा, स्त्री रोग, मधुमेह, पेट संबंधी एवं चर्म रोग जैसे बीमारियों का उचित इलाज किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य प्रकाश कुमार, इंजीनियर अमरजीत कुमार, समाजसेवी दीनानाथ कुमार, नितीश कुमार, रहीस कुमार, राघवेंद्र कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। शिविर में 86 लोगों को निशुल्क जांच किया गया।

### हत्या के तीन आरोपित गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में विवाद में होली के दिन हत्या के मामले में पुलिस ने फिर तीन अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के पास से तीन खोखा, चार गोली, एक मोबाइल और दो बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तार आरोपितों में सलेमपुर गांव निवासी रामलोचन सिंह, हलचल कुमार और लल्लू सिंह शामिल हैं। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा शनिवार को प्रेस काफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि छह मार्च की रात सलेमपुर गांव में बच्चों के विवाद में दो पक्षों में विवाद हुआ था। उसके बाद सात मार्च को हत्या की घटना को अंजाम दिया गया।

### सफलता: भोजपुर और मुजफ्फरपुर पुलिस की टीम ने अपहृत युवक को 12 घंटे में खोज निकाला

# मुजफ्फरपुर से अगवा चिकित्सक का बेटा भोजपुर से बरामद, 3 अपहरणकर्ता गिरफ्तार

- अपहरण में इस्तेमाल स्कॉर्पियो कार बरामद, अपहरणकताओं से पूछताछ कर रही पुलिस
- एसपी ने कहा- पकड़े गए अपहरणकताओं के खंगाले जा रहे आपराधिक इतिहास

**केटी न्यूज/आरा**

बिहार के मुजफ्फरपुर से अगवा चिकित्सक का बेटा विवेक कुमार को भोजपुर से सकुशल बरामद किया गया। उसे शनिवार की सुबह गड़हनी थाना क्षेत्र के रतनाढ़ गांव के समीप एक मंदिर से बरामद किया गया। अपहरण में शामिल तीन अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों भोजपुर के अलग-अलग जगहों के रहने वाले हैं। उनमें एक नारायणपुर, दूसरा सहार और तीसरा गड़हनी इलाके का ही रहने वाला है। अपहरण में इस्तेमाल स्कॉर्पियो भी जब्त कर ली गयी है। चालक को भी पकड़ा गया है। भोजपुर और मुजफ्फरपुर पुलिस की संयुक्त टीम को यह सफलता हाथ लगी है।



अगवा विवेक कुमार मुजफ्फरपुर के कांटी निवासी होमियोपैथी डॉ. एसपी सिन्हा का बेटा है। जिसे शुक्रवार की शाम कांटी थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज के समीप से अगवा किया गया था। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार द्वारा डाक्टर पुत्र की सकुशल बरामदगी और अपहरणकताओं की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि विवेक सुरक्षित हैं। अपहरणकताओं को अभी फिरौती की रकम नहीं मिली थी। तकनीकी सूत्र के आधार पर अगवा युवक को सकुशल बरामद किया गया है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। मुजफ्फरपुर के साथ भोजपुर पुलिस भी अपहरण के कारणों की पड़ताल कर रही है। साथ ही अपहरणकर्ता के आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है। सभी अपहरणकर्ता नये लग रहे हैं।

**मामले में जेल में बंद गैंगस्टर की भूमिका :** विवेक के अपहरण में जेल में बंद भोजपुर के एक गैंगस्टर की भूमिका की चर्चा चल रही है। वह गड़हनी थाना क्षेत्र के भी एक गांव का रहने वाला है। वह पुराना हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ बैंक डकैती, लूट, रंगदारी, हत्या और अपहरण सहित दर्जन भर से अधिक मामले दर्ज हैं। उसके गांव के बगल से ही अगवा डाक्टर पुत्र को बरामद किया गया है। अपहरण में इस्तेमाल स्कॉर्पियो नारायणपुर इलाके की बतायी जा रही है। बताया जा रहा है कि अपहरण में शामिल अपराधी डॉक्टर के घर में ही किराये के मकान में रहते थे। पुलिस हर एंगल से छानबीन कर रही है।

**रेस्टोरेंट जाते समय अगवा हुआ था विवेक :** मुजफ्फरपुर निवासी डॉक्टर एसपी सिंह के इकलौते बेट विवेक कुमार शुक्रवार की शाम दोस्त की पार्टी में भाग लेने एक रेस्टोरेंट जा रहा था। उसी दौरान कांटी थाना क्षेत्र कांटी ओवरब्रिज के निकट से उसे अगवा कर लिया गया। उसके बाद डाक्टर से तीस लाख रुपए की फिरौती भी मांगी गयी थी। अपहरण की सूचना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था। पुलिस आनन-फानन में डाक्टर पुत्र की बरामदगी में जुट गयी थी। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे थे, उसी क्रम में अपहृत विवेक के दोस्त से भी पूछताछ की गयी। उससे पूछताछ में अपहरण का राज खुल गया। उसकी निशानदेही पर डॉक्टर पुत्र को बरामद कर लिया गया।

### मंदिर की छत पर छुपे थे बदमाश

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि चिकित्सक के बेटे को अगवा करने के बाद अपराधी उसे अपने साथ लेकर भोजपुर आ गये थे। तकनीकी जांच और अपहृत युवक के एक दोस्त से पूछताछ में मुजफ्फरपुर पुलिस को अगवा विवेक को भोजपुर लाये जाने का इनपुट मिला था। पता चला कि उसे गड़हनी इलाके में रखा गया है। उस आधार पर मुजफ्फरपुर पुलिस की टीम देर रात भोजपुर पहुंची। उसके बाद दोनों जिलों की संयुक्त टीम द्वारा सर्विलांस के आधार पर गड़हनी इलाके में छापेमारी की गयी। हालांकि अपहरणकर्ता को पुलिस की आने की भनक लग गयी थी। उसे देखते हुए अपहरणकर्ता विवेक के साथ एक मंदिर की छत पर छुप गये थे। वहां से डाक्टर पुत्र को सकुशल बरामद कर लिया गया। अपहरणकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## एक नजर

### पांच अप्रैल को दिल्ली में निकाली जाएगी विराट मजदूर किसान संघर्ष रैली, बैठक में बनी रणनिति




**जहानाबाद।** जिले के सीपीआईएम कार्यालय में शनिवार को दिलीप कुमार की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें विराट मजदूर किसान संघर्ष रैली की तैयारी के लिए 5 अप्रैल को दिल्ली चले राज्य पर्यवेक्षक सीटू राज्य सचिव गणेश शंकर सिंह, बिहार राज्य किसान सभा कोषाध्यक्ष सोने लाल यादव, बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन राज्य अध्यक्ष देवेंद्र चौरसिया शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सभी कृषि उत्पादों का स्वामीनाथन आयोग के सिफारिश के अनुसार सी-2+50% न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा तय एमएसपी पर खरीद की गारंटी करने, सभी गरीब मध्यम वर्ग के किसानों का और खेत मजदूरों का सभी तरह का कर्ज एकमुशत माफ करने, 60 वर्ष से ऊपर के सभी किसानों को पेंशन देने, महंगाई पर रोक लगाने, खाद तेल-दवा सहीत सभी अवश्यक वस्तु पर से जीएसटी को वापस लेने, डीजल, रसोई गैस, मिट्टी तेल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में भारी कटौती करने मांग को रखा जाएगा। बिहार राज्य निर्माण कामगार यूनियन सीटू जिला सचिव दिनेश प्रसाद ने कहा कि सभी कामगारों के लिए न्यूनतम मजदूरी 22000 प्रतिमाह की जाए। इस बैठक में भाग लिए ओम प्रकाश सिंह किसान सभा खेत मजदूर यूनियन राम प्रसाद पासवान, बैजनाथ साउ, शत्रुधन प्रसाद, रामशीष प्रसाद, भवदीय बिहार राज्य निर्माण कामगार यूनियन सीटू जिला सचिव सुरेंद्र मिस्त्री मौजूद रहे।

### जिले के शहरी व ग्रामीण इलाके में लोगों के आवागमन के स्थानों पर होगी प्याऊ की सुविधा

**जहानाबाद।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में अपर समाहर्ता सुधा गुप्ता की अध्यक्षता में लू से बचाव के लिए पूर्व तैयारी की जाने वाले कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी जिला आपदा प्रबंधन शाखा द्वारा पीपीटी के माध्यम से बताया गया कि गर्मी के दिनों में तेज पछुआ हवाओं के चलने से गर्म हवाऐं/लू का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। जिससे आम जनजीवन काफी प्रभावित होता है। राह चलते तेज गर्म हवा/लू से कुप्रभावित होने पर कभी-कभी लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। तेज पछुआ हवा चलने के दौरान लापरवाही के कारण कभी-कभी अग्निकांड जैसी घटनाऐं घटती है, जिससे लोगों के जानमाल की भारी तबाही हो जाती है। हवाएं/लू के संभावित घटनाओं को रोकने के लिए समय से पूर्व संबंधित पदाधिकारियों को अपर समाहर्ता द्वारा आवश्यक निदेश दिया गया है।उन्होंने नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी, बीडीओ तथा सीओ को शहरी क्षेत्रों एवं जहां पर लोगों के आवागमन की अधिकता होती है वैसे स्थानों पर स्थानीय निकायों के द्वारा लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ हीं इन स्थानों पर गर्म हवा/लू से बचाव हेतु किये जाने वाले उपायों की सूचना प्रदर्शित की जाएगी, जिससे आमलोग भली-भांती अवगत हो सकें। वहीं लोक स्वास्थ्य अभियंत्र विभाग एवं नगर विकास विभाग द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत खराब पड़े चापाकलों की मरम्मति एवं जहां आवश्यक हो, वहां नये चापाकल लगाने की आवश्यक व्यवस्था करने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण को निदेश दिया गया कि जहां नल का पानी नहीं उपलब्ध है तथा चापाकलों में पानी की कमी हो, वैसे स्थानों पर लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था किया जाए। अपर समाहर्ता ने सिविल सर्जन तथा सभी सीडीपीओ को निदेश दिया कि वे सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पेयजल एवं जीवन रक्षक घोल (ओआरएस) की समुचित व्यवस्था करायें। वहां पर गर्म हवाओं एवं लू से बचाव से संबंधित आईईसी सामग्री प्रदर्शित कर जनता को जागरूक किया जाए। सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था करने का भी निदेश दिया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि स्कूलों में स्वास्थ्य केंद्रों, एंबुलेंस तथा चिकित्सा दलों का नंबर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

### बक्सर में स्थापना डीपीओ से मारपीट एवं लूटपाट की शिक्षकों ने की निंदा

**बक्सर।** राजकीय बुनियादी विद्यालय बक्सर में शनिवार को शिक्षक संगठनों की एक आपात बैठक आयोजित की गई। जिसमें शिक्षा माफियाओं द्वारा स्थापना डीपीओ मो शारीक असरफ के कार्यालय में घुस मारपीट करने, उनका पर्स व घड़ी लूटने से जान से मारने की धमकी देने की घटना की कड़े शब्दों में नींदा की गई। इस बैठक में जिला के विभिन्न शिक्षक संगठनों के सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए थे। सभी ने एक स्वर से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार की घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में बाहरी व्यक्तियों के हस्तक्षेप को बंद किया जाए। जिला प्रशासन स्वतः संज्ञान लेते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर ध्यान दें। शिक्षक संगठनों ने कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो भविष्य में आंदोलन किया जाएगा। बैठक में महिला मोर्चा, साक्षरता कर्मी, बिहार प्राथमिक शिक्षक संगठन, मैट्रिक शिक्षक संगठन, इंटर शिक्षक संगठन के साथ-साथ बहुत से सामाजिक संस्थान के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों में अनीता यादव, प्रमोद कुमार चौबे, शिवजी दुबे, पम्मी राय, सुनीता कुमारी, उषा कुमारी, वर्षा कुमारी, निर्मला कुमारी, लालसा कुमारी, अमरेश कुमार, मनीष सिंह, अमित यादव, रिंकू यादव, सुरेंद्र शाहिद अख्तर समेत अन्य शामिल रहे।

## उपेंद्र कुशवाहा की विरासत बचाओ नमन यात्रा 23 को कुर्था में होगी समाप्त

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

राष्ट्रीय लोक जनता दल के जिला संयोजक पिंटू कुशवाहा ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति की। जिसमें उन्होंने बताया कि 20 मार्च को कुर्था ब्लॉक के प्रांगण में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के द्वारा विरासत बचाओ नमन यात्रा कार्यक्रम अमर शहीद जगदेव प्रसाद जी की मूर्ति के पास समाप्त होगी। पिंटू कुशवाहा ने कहा कि उपेंद्र कुशवाहा को लेकर बिहार के सभी जिलों में जा रहे हैं। विरासत बचाओ नमन यात्रा के दूसरे चरण की समाप्ति कुर्था के अमर शहीद जगदेव प्रसाद की मूर्ति के पास होगी।

जहां विशाल सभा में जिले के नौजवान साथियों, किसान भाइयों, छात्रों, व्यवसाइयों का जुटान होगा। उन्होंने सभी से अपील किया कि हजारों हजारों संख्या में कुर्था पहुंचकर अपने नेता उपेंद्र कुशवाहा जी का भाषण सुने। विरासत बचाओ नमन यात्रा की तैयारी जहानाबाद जिले में पूरी कर ली गई है और किस जिले से हजारों हजारों संख्या में कुर्था और कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। जिला संयोजक ने कहा कि विरासत बचाओ नमन यात्रा इस जिले के लिए एक अद्भुत कार्यक्रम साबित होगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के सभी जिलों में जाकर महापुरुषों के चरणों को नमन करते हुए लोगों से मिलने का काम कर रहे हैं। साथ ही, लोगों को सरकार के कारनामे के बारे में चर्चा करते हुए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। विरासत बचाओ नमन यात्रा की समाप्ति का दिन नीतीश कुमार के लिए काला दिन साबित होगा।

# भोजपुर में दीवार बनाने के विवाद में युवक को मारी गोली, दोनों पक्ष के दो-दो लोग हिरासत में

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के खेड़ी बाजार के पास शनिवार को जमीन के विवाद में एक युवक को गोली मार दी गयी। गोली उसके दाहिने जांघ में लगी है। उसमें वह गंभीर रूप जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक नारायणपुर थाना क्षेत्र के धोबड़ी गांव निवासी सतीश कुमार सिंह का बेटा रितेश यादव है। गोली मारने का आरोप गांव के ही कुछ लोगों पर लगा है। पुलिस द्वारा इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के चार लोगों को हिरासत में लिया है।



घटना के संबंध में जख्मी रितेश यादव के भाई अजय यादव ने बताया कि उन लोगों ने एक माह दिन पूर्व खेड़ी बाजार के सटे 15 डिसमिल जमीन खरीदी थी। उसे लेकर पिछले चार-पांच रोज से गांव के ही राजेंद्र मास्टर और राकेश सिंह सहित अन्य लोगों से विवाद चल रहा है। गुरुवार को दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा वहां दीवार का निर्माण किया जा रहा था। उस पर उन लोगों द्वारा उसका विरोध किया गया। उसे लेकर दोनों पक्षों के बीच नोंकझोंक होने लगी। उसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ताबड़तोड़ फायरिंग की जाने लगी। उसमें रितेश यादव को गोली मार दी गयी। उसने गांव के ही राजेंद्र मास्टर, राकेश सिंह और अमित सिंह सहित अन्य लोगों पर जमीनी विवाद को लेकर गोली मारने का आरोप लगाया है।

घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये और मामले की छानबीन में शुरू कर दी है। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि जमीन के विवाद में घटना हुई है। घटना की छानबीन की जा रही है। इस मामले में दोनों पक्ष के दो दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। इधर, इलाज कर रहे हड्डी रोग विशेषज्ञ डाक्टर महावीर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि युवक को दोनों पैरों के जांघ में गोली लगी है। एक्स-रे के आधार पर बायें पैर के जांघ में फांसी गोली दिख रही है। दाहिने पैर के जांघ में नही दिख रही है। ऑपरेशन कर बुलेट निकाला जा रहा है। मरीज की स्थिति बिल्कुल स्टेबल है।

### सांझा प्रयास नेटवर्क एवं आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन के माध्यम से हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# आशा कार्यकर्ताओं ने सीखे सुरक्षित गर्भ समापन के गुर

- सुरक्षित गर्भ समापन पर किया गया आशा कार्यकताओं का उन्मुखीकरण

**केटी न्यूज/पटना**

18 मार्च- पटना के फूलवारीशरीफ प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 42 आशा दीदी के साथ सांझा प्रयास नेटवर्क एवं आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन के माध्यम से चलाए जा रहे सुरक्षित गर्भ समापन पर उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 42 आशाकर्मियों ने शिरकत की और सुरक्षित गर्भ समापन के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन की बिजया लक्ष्मी ने जानकारी दी कि 1971 से पूर्व किसी भी प्रकार का गर्भ समापन अवैध माना जाता था। गर्भ समापन के लिए बड़ी कठिनाइयां होती थी। अनेक तरह के घरेलू उपायों से गर्भ समापन करने को प्रक्रिया में महिलाओं की मृत्यु हो जाती थी। उसे रोकने के लिए 1971 में एमटीपी एक्ट बना। इसके बाद से सुरक्षित गर्भ समापन की प्रक्रिया शुरू हुई। अज्ञानता के कारण गर्भवती महिलाओं को मृत्यु दर में कमी नहीं हो रही थी। उन्होंने बताया कि 1971 के प्रावधानों के अनुसार गर्भ समापन कई शर्तों के साथ वैध माना गया, लेकिन इससे भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा था। इसलिए एमटीपी एक्ट में 2021 में संशोधन किया गया। जिससे अब 24 सप्ताह तक के गर्भ को शर्तों के अनुसार समापन कराया जा सकता है।

**पर्याप्त भ्रूण विकृति में गर्भ समापन वैधः** बिजया लक्ष्मी बताया कि पर्याप्त भ्रूण विकृति के मामलों में गर्भावस्था के दौरान किसी भी समय गर्भ समापन को मान्य किया गया है। किसी भी महिला या उसके साथी के द्वारा प्रयोग किए गए गर्भनिरोधक तरीके की विफलता की स्थिति में अविवाहित महिलाओं को भी गर्भ समापन सेवाएं दी जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि 20 सप्ताह तक एमटीपी के लिए एक आरएमपी और 20 से 24 सप्ताह के लिए दो आरएमपी की राय चाहिए। इतना ही नहीं, उन्होंने कहा कि गोपनीयता को कड़ाई से बनाए रखा जाना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### छात्रवृत्ति बंद, जदयू ने विरोध में जलाया पुतला



**बक्सर।** केन्द्र ने छात्रों की छात्रवृत्ति बंद कर दी है। इसके खिलाफ जिला जनता दल यू के सदस्यों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। शहर के वीर कुंवर सिंह चौक के समक्ष प्रधानमंत्री का पुतला भी जलाया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जदयू के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि पूरे बिहार में आज हमारी पार्टी प्रदर्शन कर रही है। क्योंकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ा एवं अति पिछड़ा की छात्रवृत्ति को बंद कर दिया है। नरेंद्र मोदी ने देश को सपना दिखाया था कि सबका साथ सबका विकास होगा। लेकिन, देश में महंगाई एवं बेरोजगारी की मार झेल रहे लोगों को एक और झटका मिला है। यह सरकार तो आरक्षण समाप्त करने की योजना बना रही है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता मोहन चौधरी, विनोद राय, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के पंकज मानसिंहका, सुरेंद्र कुशवाहा, रवि राज, धर्मेंद्र ठाकुर, राजेश कुशवाहा, राघवेंद्र उज्जैन, निर्मल पासवान, जितेंद्र सिंह, भोला यादव, बबलू सिंह, संतोष चौधरी, राधेश्याम यादव, विश्वनाथ पासवान, अजय लोधी, नथुनी खरवाल, बृजेश यादव, सुरेश चौहान, शिव प्रसाद कुशवाहा, श्याम वर्मा, अनिरुद्ध तिवारी, आजाद सिंह राठौर, नदजी चौधरी, उत्तम तिवारी, मंटू उपाध्याय, राम भजन सिंह मुखिया, मोहम्मद मुस्तफा, शैलेश कुमार पासी,चंदेश्वर चंद्रवंशी, उपेंद्र रजक, संजय सिंह, निर्मल कुशवाहा, उपेंद्र शाहाबादी, उपेंद्र राम, कृपा शंकर चौधरी, निर्मल चौधरी, चंदन पटेल, बबलू पांडे आदि मौजूद रहे।

### आचार संहिता के उल्लंघन मामले में न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री

**बक्सर।** आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन मामले में शनिवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया। उनके अधिवक्ता सरोज उपाध्याय के अनुसार इस मामले में आज उनका बयान दर्ज किया जाना था। मामले की सुनवाई से पूर्व दोनों पक्षों की दलील सुनी जाती है। उसी कड़ी में आज हमारे मुवक्कील ने अपना बात रखी। पूछने पर अधिवक्ता ने यह भी बताया कि पूर्व से ही इस मामले में जमानत मिली हुई है। मुकदमा वर्ष 2019 के लोकसभा के दौरान तत्कालीन एसडीएम केके उपाध्याय ने दर्ज कराया था। किला मैदान में भाजपा का कार्यक्रम था। जो संध्या पांच बजे के उपरांत भी चलता रहा। उसी की सुनवाई चल रही है। अब न्यायालय जल्द ही इस मामले में फैसला भी सुना सकता है।



### राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आशा कार्यकताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**केसठ।** राष्ट्रीय यक्ष्मा कार्यक्रम के तहत जिले में टीबी रोग को कम करने के लिए सरकार अब घर-घर में मरीज ढूंढेगी। इसके लिए आशा कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहले चरण में केसठ क्षेत्र को चिह्नित किया गया है। टीबी रोग को रोकने के लिए सरकार द्वारा काफी प्रयास किए गए हैं, लेकिन यह पूरी तरह से रूक नहीं पा रहा है। केसठ में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान के तहत पीएचसी में आशा कार्यकताओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण एसटीएलएस पंकज जयसवाल ने घर-घर से क्षय रोगियों की पहचान करने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कई लोगों को पता नहीं होता है कि वह टीबी के लक्षण से पीड़ित है। वह जानकारी के अभाव में या अन्य कारणों से उपचार के लिए चिकित्सालय नहीं आ पाते हैं। ऐसे लोगों को घर-घर जाकर चेक करना होगा। परिजनों से लंबे समय से खांसी, बुखार जैसे लक्षण वाले लोगों की जानकारी लेनी होगी। किसी घर में ऐसे लक्षण मिलने पर उनका मौके पर ही आशा कार्यकताओं द्वारा बलगम का सैंपल लिया जाएगा। सेंपल की जांच निशुल्क संयुक्त चिकित्सालय में कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उसे चिकित्सालय से दवाई देकर उसका उपचार शुरू किया जाएगा। वही यक्ष्मा मरीज को पोषण आहार के लिए 500 रुपए की राशि 6 माह तक सरकार देती है। बैठक में पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय, स्वास्थ प्रबंधक सुशील कुमार, बीएमई विनोद कुमार,पप्पू, विक्की, अभिषेक, राजेश, रजनीश कुमार सहित अन्य स्वास्थ कर्मी मौजूद थे।



### शराब के साथ दूसरी बार महिला तस्कर धराई

**डुमरांव।** कोरानसराय पुलिस ने थाना क्षेत्र के स्थानीय महादलित बस्ती में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर एक महिला शराब तस्कर को पांच लिटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार महिला तस्कर प्रभावती देवी पति बीरेन्द्र चौधरी इसके पहले भी शराब मामले में जेल जा चुकी है। उसपर कोरानसराय थाना में कांड संख्या 152/22 दर्ज है। लेकिन जेल से बाहर आने के बाद वह फिर से शराब तस्करी में लग गई थी। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जेल से बाहर आने के बाद वह शराब तस्करी में लग गई थी। हालांकि पुलिस उस पर नजर बनाए हुए थी। जैसे ही पता चला कि वह अपने घर में शराब की खेप मंगवाई है तो एक टीम गठित कर उसके घर छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी में उसके घर से पांच लिटर देशी शराब बरामद हुआ। लोगों का कहना है कि उसने शराब तस्करी को अपना धंधा बना लिया है।

### छापेमारी में ट्रक समेत छह वाहन जब्त

**डुमरांव।** जिला परिवहन पदाधिकारी ने शनिवार को एनएच 922 पर नया भोजपुर ओपी के समीप स्थानीय पुलिस के सहयोग से वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बालू लदे एक ट्रक के साथ ही पांच टेम्पो को पकड़ा गया है। ट्रक पर क्षमता से अधिक बालू लदा था, वही जब्त किए गए टेम्पो चालकों ने डीटीओ के समक्ष कागजात प्रस्तुत नहीं किए। जिसके बाद सभी वाहनों को जब्त कर नया भोजपुर ओपी थाने को सुपुर्द कर दिया गया है। नया भोजपुर ओपी थाने के प्रभारी सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जब्त किए गए वाहनों को सुरक्षित रखा गया है। जुमार्ना देने के बाद ही इन्हें छोड़ा जाएगा। इधर प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद एनएच 922 पर वाहन चालकों में देर तक हड़कंप मचा रहा।

## खुलासा: डीपीओ के कार्यालय में घुस मारपीट व रंगदारी मांगे जाने के मामले में खुल रहे भेद

# शिक्षा विभाग में धौंस जमा अधिकारियों व शिक्षकों का लंबे समय से भयादोहन कर रहे हैं अजय व अरबिंद

**केटी न्यूज/बक्सर**

डीपीओ के कार्यालय में घुस उनके साथ मारपीट व लूटपाट के आरोपी कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के कठार निवासी अजय कुमार सिंह तथा बक्सर धोबीघाट के अरबिंद कुमार सिंह भले ही शिक्षा विभाग के कर्मी नहीं है लेकिन विभाग में उनकी तूती बोलती है। जानकारों की मानें तो अधिकारियों व शिक्षकों पर लोक शिकायत व निगरानी विभाग का धौंस जमा भयादोहन करना इनका मुख्य पेशा है। पिछले एक दशक से अक्सर दोनों शिक्षा विभाग व अधिकारियों के कार्यालयों का चक्कर लगाते रहते है। अजय की पत्नी कठार में ही शिक्षिका है। विभाग में उनके धौंस का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गुरूवार को जब वे लोग डीपीओ से उलझ रहे थे तथा उनकी घड़ी व पर्स लूट रहे थे उस दौरान डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी के अलावे कार्यालय में कई क्लर्क भी मौजूद थे। लेकिन किसी ने भी इनका प्रतिकार नहीं किया। अलब्ता जिला शिक्षा पदाधिकारी इन्हें सिर्फ समझा बुझाकर शांत कराने का प्रयास करते दिखे। जबकि इनके डर से कर्मियों ने मुंह खोलना भी मुनासिब नहीं समझा जबकि उनके सामने ही उनके अधिकारी को सरेआम जान मारने की धमकी दी जा रही थी।

**गुनाहों की लंबी फेहरिस्त में दर्ज है कई मामले :** बता दें कि अजय सिंह व अरबिंद सिंह की पहचान शिक्षा विभाग में एक दलाल के रूप में है। शिक्षा विभाग के अलावे एक समय पंचायतों में भी इनकी दबंगई चलती थी तथा पंचायत प्रतिनिधियों से रंगदारी मांगने जैसा संगीन मामला भी अजय पर दर्ज है। बता दें कि कठार पंचायत की पूर्व मुखिया उर्मिला देवी पति कमलेश बारी ने बक्सर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कोर्ट में अजय सिंह के खिलाफ सरकारी योजनाओं में 10 प्रतिशत की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था।

♦ लोक शिकायत को हथियार बना करते है शोषण, रंगदारी और अन्य मामलों में पहले से दर्ज हैं कई केस

इसके अलावे मुखिया ने अपने आवेदन में यह भी लिखा था कि जब वह अपने पति के साथ कृष्णाब्रह्म से गांव आ रही थी तो रास्ते में अजय ने एक अन्य युवक के साथ बाइक रूकवा बतौर रंगदारी 50 हजार रूपए की मांगे थे। उर्मिला ने यह मामला 30 नवंबर 2009 को बक्सर कोर्ट में दर्ज कराया था। वही ब्रह्मपुर की शिक्षिका सुनैना देवी ने बक्सर महिला थाने में कांड संख्या 53/16 दर्ज कराते हुए अजय सिंह पर विभागीय अधिकारियों का खौंफ दिखा रंगदारी मांगने तथा अश्लील हरकत जैसे गंभीर आरोप लगाए है। वहीं, 2015 में एमडीएम के डीपीएम विकास कुमार के साथ मारपीट में भी अजय व अरबिंद के खिलाफ बक्सर नगर थाने में मामला दर्ज हुआ था। बक्सर नगर थाने में ही शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्त एक क्लर्क उपेन्द्र नाथ मिश्र ने कांड संख्या 64/18 दर्ज कराते हुए मध्य विद्यालय धरहरा के तत्कालीन प्रधानाध्यापक विष्णु प्रसाद सिंह समेत 8-10 लोगों पर कार्यालय के बाहर बुला मारपीट करने का आरोप लगाया था। तब इस पुलिस की जांच में इस कांड में अजय सिंह का नाम भी उजागर हुआ था। वही सिमरी निवासी व शिक्षाविद् रहे स्व भीम पांडेय के परिजन तिलकधारी पांडेय ने सिमरी थाने में अजय सिंह व अरबिंद सिंह के खिलाफ फोन पर धमकी देने, रंगदारी मांगने जैसे आरोप लगाते हुए कांड संख्या 26/23 दर्ज करा न्याय की गुहार लगाई है। इसके अलावे डीपीओ मो. शारिक असरफ द्वारा अजय व अरबिंद के साथ ही तारकेश्वर सिंह पर कांड संख्या 151/23 दर्ज कराया गया है।




**जांच में खुलेंगे कई राज :** जानकारों की मानें तो यदि पुलिस अजय सिंह व अरबिंद सिंह के कार्यशैली की गहराई से जांच करेगी तो कई राज परत दर परत खुलेंगे। जिसमें मुख्य रूप से शिक्षकों व अधिकारियों के भयादोहन के अलावे फर्जी शिक्षकों के मामले में भी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। जानकारों का कहना है कि पिछले एक दशक के दौरान शिक्षकों की बहाली में भी अजय द्वारा मिलीभगत कर बड़े पैमाने पर शिक्षकों की बहाली कराई गई है। विभागीय सूत्रों की मानें तो यदि गहराई से जांच की जाए तो इस बात की पुष्टि हो सकती है।

**एमडीएम योजना से जुड़े है दोनों:** बताया जाता है कि अजय सिंह व अरबिंद सिंह एमडीएम योजना के निर्माण सामग्री की आपूर्ति करते है। जिसमें प्रधानाध्यापकों से मनमानी कीमत वसूलते है। बताया जाता है कि इन्हीं दोनों के कारण कई विद्यालयों में अभी तक एनजीओ वाले एमडीएम की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। जानकारों का कहना है कि विभाग के कई अधिकारियों से भी इनके मधुर संबंध रहे है।

### स्थापना डीपीओ से मारपीट व लूटपाट का एक आरोपी धराया



**बक्सर।** जिले के स्थापना डीपीओ मो शारिक असरफ से गुरूवार को दोपहर उनके कार्यालय में घुस मारपीट करने, संचिकाओं को फेकने, उनका पर्स लूटने तथा हथियार दिखा धमकी देने वाले एक अभियुक्त अरबिंद कुमार सिंह को बक्सर पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो अन्य अभियुक्त अजय कुमार सिंह व तारकेश्वर सिंह फरार हो गए है। टाउन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अरबिंद को उसके घर से पकड़ा गया है। हालांकि वह पहले पुलिस को बरगलाने का प्रयास कर रहा था और बता रहा था कि वह डीपीओ पर लोक शिकायत में परिवाद दाखिल किया है। जिस कारण डीपीओ द्वारा उसपर ऐसा आरोप लगाया जा रहा है। लेकिन जब थानाध्यक्ष ने सीसीटीवी फुटेज में उसकी हरकतों को दिखाया तो वह छोड़ने की मिन्नते करने लगा। जानकारों की मानें तो फुटेज में साफ दिख रहा है कि आरोपी स्थापना डीपीओ के कार्यालय में घुस धक्का मुक्की कर रहे है तथा उनका पर्स छिन भाग रहे है। इस दौरान उन्हें धमकी भी दिया गया। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद ही पुलिस तत्काल हरकत में आई। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही मुख्य आरोपी अजय कुमार सिंह फरार हो गया है।

## सेक्स रैकेट मामला: जब्त रजिस्टरों को खंगाल रही पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल के सिमरी थाना क्षेत्र स्थित स्थानीय बाजार में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ होने के बाद पुलिस की टीम ने कार्रवाई तेज कर दी है। राजेंद्र मैरेज हॉल में आपत्तिजनक स्थिति में महिला-पुरुष के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने कमरे से मोबाइल, कंडोम का पैकेट सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद किया है।

मामले में मैरेज हॉल के संचालक सिमरी के बकुलहापट्टी निवासी राजेंद्र पांडेय एवं दुधीपट्टी के रहने वाले नवीन कुमार राय उर्फ अप्पू राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और कागजी कार्रवाई के बाद मैरेज हॉल को सीज करने की कार्रवाई को लेकर पहल शुरू कर दी है। शनिवार को अनुमंडल पुलिस मुख्यालय के सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एएसपी राज ने बताया कि ग्रामीणों ने इस मैरेज हॉल में देह व्यापार होने की सूचना दी, जिसके लिए पुलिस इंस्पेक्टर विमल दास के साथ सिमरी थानाध्यक्ष व महिला पुलिसकर्मियों के साथ मैरेज हॉल में छापेमारी की गयी। जिसमें सेक्स रैकेट कांड का भंडाफोड़ हुआ। बरामद रजिस्टर व मोबाइल की जांच प्रक्रिया तेज कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि आठ माह पूर्व भी उस मैरेज हॉल में शराब की सूचना पर छापेमारी की गयी थी लेकिन पुलिस खाली हाथ लौटी। कई बार उस मैरेज हॉल की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा गये युवक से पूछताछ के दौरान पुलिस को कई जानकारी मिली है। पुलिस सभी पहलुओं पर गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है।



♦ छापेमारी के दौरान पुलिस को मिले सैक्स रैकेट संचालन के सुराग

## आरोपी की निशानदेही पर ठाकुर यादव हत्याकांड में प्रयुक्त कट्टा बरामद

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल के मुरार थाना क्षेत्र अंतर्गत ओझाबरांव गांव में होली की शाम हुए ठाकुर यादव हत्याकांड में उपयोग किये गये हथियार को मुरार पुलिस की टीम ने बरामद करने में सफलता पायी है। पुलिस दबिश के कारण इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी विकास यादव ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। जिसे पुलिस रिमांड पर लेकर कड़ी पूछताछ कर रही है। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस की टीम ने खेत मे लगे बोरिंग के समीप गेंहू में छिपाकर रखे गये ऑटोमेटिक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस को बरामद किया है। पुलिस की टीम इस हत्याकांड से जुड़े अन्य पहलुओं को सुलझाने के लिए सूक्ष्म तरीके से तफ्तीश करने में जुटी है।

शनिवार को अनुमंडल पुलिस मुख्यालय के सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एएसपी राज ने बताया कि आरोपी ने तीन गोलियां चलाई थी, जिसमें ठाकुर यादव को दो गोली और उनके भतीजे राहुल यादव को एक गोली लगी थी। जख्मी राहुल का इलाज चल रहा है। पुलिस की टीम अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। इसके पूर्व पुलिस ने इस वारदात में शामिल प्रकाश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में पीड़ितों के आवेदन के पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुरार थाने में केस दर्ज किया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। बता दें कि उसी मोहल्ले में एक जमीन के टुकड़े की खरीददारी को लेकर दोनों पक्षों के बीच अनबन हो गयी थी। दोनों पक्ष उस जमीन की खरीद को लेकर तत्पर थे, लेकिन ठाकुर यादव के पक्ष में जमीन रजिस्ट्री हो गयी थी। यह जानकर दूसरा पक्ष नाराज हो गया और आठ मार्च की शाम होली के दिन गोलीबारी कर घटना को अंजाम दिया। घटना में प्रयुक्त हथियार के बरामद होने के बाद आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई है।

♦ एएसपी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी जानकारी, कहा- रिमांड में लेने के बाद आरोपी ने दिए सुराग



## चना उखाड़ने से रोका तो आरोपी ने बुजुर्ग को मारी गोली, हथियार छोड़ हुआ फरार

**केटी न्यूज/चक्की**

शनिवार को दोपहर भरियार ओपी थाना क्षेत्र के चक्की विश्वेश्वर डेरा गांव के बधार में खेत की रखवाली कर रहे 65 वर्षीय एक वृद्ध को मनबढूओं ने गोली मार जख्मी कर दिया। उसका कसूर बस इतना था कि वह आरोपियों को अपने खेत में उगे चने को उखाड़ने से मना कर रहा था। इसी बात से आक्रोशित युवकों ने उसे गोली मार दिया। गोली लगने से जख्मी राम निवास सिंह 65 वर्ष ने बताया कि चुन्नी डेरा गांव के रहने वाले सुगन सिंह समेत चार अज्ञात युवक उसके खेत से चना उखाड़ रहे थे। इसी बात से नाराज हो सुगन सिंह ने उन्हें गोली मार दी है। घायल अवस्था में राम निवास को अस्पताल लाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए वराणसी भेज दिया गया है। चिकित्सकों द्वारा उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

डुमरांव एसडीपीओ सह एएसपी राज ने बताया कि गोली घायल के पेट के करीब लगी है। हालत खतरे से बाहर है। वहीं आरोपी के घर पर छापेमारी की गई थी। परन्तु वह अपने परिवार के साथ फरार है। एएसपी ने बताया कि बुजुर्ग ने गोली लगने के बाद भी पिस्टल आरोपी से छिन लिया था। मौके से खोखा बरामद हुआ है। अन्य अज्ञात आरोपियों की पहचान की जा रही है। पिस्टल व खोखा बरामद होने के बाद आरोपी की मुश्किलें बढ़ सकती है। एएसपी ने कहा कि उसकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई है। उसे जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वही इस घटना के बाद दो गांवों के बीच तनाव व्याप्त है। पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति को नियंत्रित करने में लगी है। फिलवक्त स्थिति नियंत्रित है। वही इस घटना की चर्चा आस पास के क्षेत्रों में हो रही है।

### बिजली चोरी में सात पर एफआईआर

**नावानगर।** वासुदेवा फीडर अंतर्गत कड़सर एवं रामनगर में बिजली चोरी में बिजली कंपनी के अधिकारी ने अभियान चलाया। जिसमें दोनों गांव से बिजली चोरी करते सात लोग पकड़े गए। वहीं, सोनवर्षा ओपी में सभी पर एफआईआर दर्ज कराया है। जेई विपिन किशोर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी में रामनगर से एक तथा कडसर से 6 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए। कड़सर के सज्जन कुमार पर 7122 रुपए, अनील कुमार सिंह पर 26126 रुपए, शारदानंद रवानी पर 21013 रुपए, विरेन्द्र प्रसाद सिंह पर 8548, गणेश दत्त पर 22888 रुपए, बीर बच्चन सिंह पर 16143 तथा रामनगर के माया देवी पर 20843 रुपए का जुमार्ना भी लगाया।

## केन्द्रीय राज्य मंत्री ने परिसदन में पार्टी कार्यकताओं के साथ की बैठक

# पार्टी व संगठन के लिए कार्यकर्ता है मजबूत कड़ी: अश्विनी चौबे

**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने परिसदन में नव नियुक्त जिलाध्यक्ष व पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंन संगठन के मजबूती पर बल दिया और कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी और संगठन के रीढ़ है। संगठन को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उन्होंने कहा कि सभी को साथ लेकर मजबूत संगठन बनाकर आगे बढ़ना है। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में केन्द्र व बिहार में भाजपा का कमल खिलाना है। यह पार्टी कार्यकताओं के बदौलत ही संभव हो सकेगा। इसके पहले केंद्रीय राज्यमंत्री चौबे का ब्रह्मपुर पहुंचने पर नव मनोनित जिलाध्यक्ष विजय सिंह एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।



उसके उपरांत बक्सर सर्किट हाउस में भाजपा संगठन को मजबूत बनाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री चौबे ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। जिसे मजबूत होना आवश्यक है। कार्यकताओं को पार्टी के हित में कार्य कर संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है तथा बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कार्यकताओं की रायशुमारी से ही संगठन में कार्य होता है। उन्होंने निष्ठावान व युवा कार्यकताओं से धरातल पर कार्य करने, संगठन को सर्वोच्च शिखर पर ले जाने की बात कही। साथ ही राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार चलाए जाने वाले कार्यक्रमों, अभियानों को सफल बनाने का आह्वान किया. केंद्रीय मंत्री चौबे ने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से देश के प्रत्येक वर्ग के लिए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसका जरुरतमंद परिवारों को लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने कार्यकताओं को ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने एवं पात्र परिवारों को लाभ पहुंचाने की भी बात कही। साथ ही आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से तैयारी से जुट जाने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह उर्फ भोला सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार सिंह, राजवंश सिंह, कतवारू सिंह, मृत्युंजय सिंह, सुनील राम, रुपेश मिश्र, दिलीप मिश्र, नवीन राय, पूनम रविदास व अन्य मौजूद रहे।

# 108 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के लिए निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा यात्रा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में होने वाले चार दिवसीय 108 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के लिए शनिवार को भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा यज्ञ स्थल रामलीला मैदान लंका से निकाली गई। इस मौके पर हजारों की संख्या में पीत वस्त्रधारी महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर नगर का भ्रमण किया। भव्य कलश यात्रा लंका मैदान के मुख्य मार्ग होते हुए सकलेनाबाद से मिश्र बाजार, लाल दरवाजा से झुनू लाल चौराहा होते हुए जल भरण के लिए कलेक्टर घाट पहुंची।





शोभा यात्रा के दौरान गायत्री परिवार के बहनों ने हाथ में जलती हुई मशाल लेकर आगे आगे चल रही थीं माताएं- बहने कतारबद्ध होकर अनुशासित पूर्वक युग निर्माण योजना के झंडे लहराते हुए समाज सुधार के तथ्यों के साथ जन जागरण के अभियान को गति दी

इस दौरान गायत्री परिवार के युवा भाई बहनों ने गगनचुंबी नारों, 'अपना-अपना करो सुधार तभी मिटेगा भ्रष्टाचार' 'अनाचार का अंत हो -दहेज प्रथा बंद हो' हम सुधरेंगे -युग सुधरेगा, हम बदलेंगे- युग बदलेगा जैसे सद्वाक्य के नारों के साथ कलश यात्रा पूरे उत्साह पूर्वक नगर में भ्रमण कियो नगर के श्रद्धालुओं ने अपने -अपने छत से पुष्प वर्षा भी कर रहे थे। रास्ते में कलश धारी माताओं- बहनों, भाइयों के लिए जल एवं मीठा से जलपान भी करा रहे थे।

मंगल गीतो एवं शंख ध्वनि से पूरा वातावरण गूंज रहा थो पूरा गाजीपुर भक्तिमय हो गया था। कलश यात्रा गंगा नदी के पास कलेक्टर घाट पहुंचने पर वैदिक मंत्रोचार के साथ गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी सुरेंद्र सिंह ने जल भरण का कार्य संपन्न करायो पुनः कलश यात्रा झुनू लाल चौराहा से होते हुए अफीम फैक्ट्री,कचहरी, सिंचाई विभाग चौराहा होते हुए चुंगी के रास्ते यज्ञ स्थल- रामलीला मैदान पहुंची,जहां गायत्री परिवार के वरिष्ठ एवं सम्मानित कार्यकताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया`बताते चलें कि इस क्रम में शांतिकुंज हरिद्वार से आई हुई विशेष विद्वानों की टोली नायक प्रखर प्रवक्ता एवं अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्याम बिहारी दुबे जी ने अखंड सौभाग्य कलश धारी माताओं एवं बहनों को अति सौभाग्यशाली बतायो कहा कि सिर पर कलश धारण करने वाली माताओं के सुख सौभाग्य जग जाते हैं और कई जन्मों के पाप कट जाते हैं। अपने सिर पर कलश धारण करने से पुण्य के खाते में पुण्य को आज सभी माताओं ने सुरक्षित रख लिया। इस क्रम में 19 मार्च को प्रातः नौ बजे से यज्ञ एवं विविध संस्कार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और सायंकाल पांच बजे से आठ बजे तक युग संगीत एवं प्रवचन का भी कार्यक्रम होगा। इस दौरान रामलीला मैदान में गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव द्वारा लिखी गई 3200 पुस्तकों का साहित्य स्टाल भी लगाया गया है। कलश स्थापना के बाद सभी माताओं- बहनों को भोजन प्रसाद कराकर विदाई की गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विद्यासागर उपाध्याय ने दी। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र शास्त्री ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लवहर सिंह यादव, रामकिशोर राय, राज नारायण पांडेय, माधुरी सिंह, राहुल सिंह, राम सिंह, क्षितिज श्रीवास्तव, सुमन पवन, संजय तिवारी, कामता प्रसाद जी आदि का सहयोग रहा।

## खबरें फटाफट

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत, एसपी ने लिया जायजा

**गाजीपुर।** बिरनो थाना क्षेत्र के माधोपुर मिश्रौली के पास एक कमरे में संदिग्धावस्था में एक वृद्ध की मौत हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह भी घटना स्थल पर पहुंच गए और मामले की छानबीन की। वीरेंद्र मिश्रा कुछ दिन पहले ही मुंबई से वापस आए थे। बता दें कि माधोपुर मिश्रौली गांव निवासी वीरेंद्र मिश्रा (61) बगल में अपने चचेरे भाई के घर खाना खाकर रात में अपने कमरे में सोने चले गए। जब सुबह में गांव के लोगों ने देखा कि वह मृत पड़े हैं और वहां खून भी बिखरा है, तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बिरनो थानाध्यक्ष पुलिस कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी। एसपी ओमवीर सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

### 112 पेटी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सुखपुरा (बलिया)।** कस्बा स्थित चौराहे पर पुलिस ने मैजिक में लदा 112 पेंटी शराब के साथ दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।जब कि एक शराब तस्कर, वाहन स्वामी भागने में सफल रहा। बरामद शराब की कीमत लगभग 15 लाख रुपए बताई जा रही है। शुक्रवार की रात सुखपुरा पुलिस के उपनिरीक्षक बांक बहादुर सिंह व एसओजी प्रभारी अजय यादव मय हमराही चौराहे पर रात में आपस में किसी अपराधी के विषय में बात कर रहे थे। कि इसी बीच गड़वार की तरफ से एक मैजिक आती दिखाई दिया। जिसपर भुसी लदा हुआ था। उसको पुलिस ने रोकने के लिए हाथ दिया तो वे भागने लगे। पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया। लेकिन वाहन स्वामी भगने में सफल रहा। अन्य दो तस्कर को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए तस्करों में आदित्य गोड़ पुत्र राम अवध गोड निवासी लक्ष्मणपुर बड़का खेत,थाना नरही व मानवेन्द्र पाठक पुत्र राजेन्द्र पाठक निवासी खड़सरा थाना खेजुरी के निवासी हैं।

**हड़ताल : बिजली आपूर्ति प्रभावित करने वाले एक दर्जन संविदाकर्मी लिये गए हिरासत में**

# बलिया में जिलाधिकारी ने संभाला मोर्चा तो कुछ फीडरों से चालू हुई बिजली आपूर्ति

**केटी न्यूज/बलिया/गाजीपुर**

विद्युत कर्मचारियों के हड़ताल के चलते चरमरायी शहर की बिजली व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिये स्वयं डीएम ने मोर्चा संभाल लिया। उसके बाद कुछ फीडरों की बिजली आपूर्ति बहाल हुई। उसके बाद नगरवासियों ने राहत की सांस ली। वहीं दूसरी तरफ विद्युत व्यवस्था को डिस्टर्ब करने वाले लगभग एक दर्जन से अधिक संविदा कर्मियों पर काररवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी की गयी।

शहर की बिजली व्यवस्था विगत तीन दिनों से पूरी तरह प्रभावित होने के कारण शनिवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक राजकरन नैयर पूरे शहर में चक्रमण करते रहे। पावर हाउस पर पहुंचने के बाद अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि यदि कोई भी बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बाधित करता है तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उसके बाद प्रावेइट कंपनी द्वारा सिविल लाइन फीडर के अंतर्गत कुंवर सिंह चौराहा, बहादुरपुर में फाल्ट किये गये तारों को ठीक किया गया। उसके बाद विशुनीपुर पावर हाउस के मेन केबल को न्यायालय परिसर के सामने ठीक किया गया। उसके बाद बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गयी। जबकि इसके पहले अन्य फीडरों में टाउन फोर एवं सिविल लाइन व विशुनीपुर पावर हाउस, रघुनाथपुर फीडर से जुड़े शहर के कई हिस्सों में विद्युत व्यवस्था बाधित रही। उसे भी ठीक कराने का प्रयास होता रहा। पावर हाउस पर पूरे दिन उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही। भीड़ को तितर-बितर करने के लिये पुलिस को हल्के बल का प्रयोग करना पड़ा। तब जाकर पावर हाउस से भीड़ हटी।

**पानी के लिए तरसे लोग, मच्छरों से रहे परेशान:** विद्युत संविदा कर्मियों के हड़ताल के चलते विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ठप रही। लोग पानी के लिये तरसते रहे। वहीं दूसरी तरफ लोग मच्छरों से आतंक से पूरी रात नहीं सो सके। घर व शहर अंधेरे में डूबा रहा।

**डीजल के लिये लगी लंबी कतार:** बिजली व्यवस्था ठप होने के कारण घरों व दुकानों का इनवर्टर भी जवाब दे दिया। लोग किराये के जेनरेटर के सहारे बिजली का उपयोग करते रहे। ऐसी स्थिति में पेट्रोल पंपों पर डीजल के लिये लोग गैलन लेकर खड़े रहे। वहीं दूसरी तरफ कालोनियों में चार से आठ सौ रुपए लेकर मोबाइल जेनरेटर के सहारे लोगों के पानी टंकियों को भरा गया।

**हैंडपंपों पर लगी लाइन:** नगर क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर लोग सरकारी हैंडपंपों पर पानी के लिये लंबी लाइन में लगे रहे। यहां तक कि आरओ पानी भी महंगे दर पर बेचे गये। चारों तरफ पानी के लिये हाहाकार मचा रहा और किसी तरह से इधर उधर से पानी लेकर काम चलाते रहे।



बलिया में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण पेट्रोल पंप पर डीजल की खरीदारी करने के लिए लगी लोगों की कतार।



### डीएम व एसपी ने सिविल लाइन एवं अन्य पावर हाउस का लिया जायजा

**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार व एसपी राजकरन नैय्यर ने शनिवार को सिविल लाइन पावर हाउस, आवासीय कालोनी बहादुर में ट्रांफार्मर, 33/11 केवी विधुत उपकेंद्र विशुनीपुर, 33/11 केवी हनुमानगंज एवं सुखपुरा का जायजा लिया। साथ ही डीएम ने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है कि विधुत आपूर्ति बाधित करने वाले सरकारी कर्मचारी या संविदा कर्मचारियों हो उसके खिलाफ तुरन्त कार्यवाही करने का निर्देश है। उन्होंने कहा कि सभी पावर हाउस के आस-पास पुलिस बल की तैनाती की जाय। उसके आस-पास कोई भी व्यक्ति दिखाई दिए तो उसको पकड़ कर तत्काल अनेक प्रकार की धारा लगाकर उसको जेल भेजने का निर्देश दिया। विशुनीपुर पावर हाउस पर तैनात कर्मचारी दुर्गेश सिंह ने बिजली अन्दर ग्राउंड फाल्ट की समस्या की विधिवत जानकारी दी। साथ ही फाल्ट की समस्या को तत्काल ठीक कराकर बिजली चालू कराने को कहा। साथ ही वहां पर अनुपस्थित कर्मचारी पर्यवेक्षक सुजीत कुमार, संजय कुमार के खिलाफ तुरन्त एफआईआर दर्ज किया किया गया तथा अनुपस्थित सविदा कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा ताकि उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी विधुत उपकेन्द्रों का निरीक्षण कर वहां का तत्काल विधुत आपूर्ति चालू कराया गया।

## आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के जरिए होगी बिजली आपूर्ति : डीएम

### गाजीपुर में 12 संविदा कर्मचारियों पर एस्मा के तहत एफआईआर

**गाजीपुर।** बिजली कर्मियों की हड़ताल को लेकर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि जनपद में बिजली कर्मियों द्वारा 72 घंटे के लिए हड़ताल पर है। अभी 40 घंटे से ज्यादा समय हो चुका है, ऐसे में आम जनमानस की सुविधा के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से बहाल रहे, इसकी व्यवस्था के तहत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के माध्यम से सभी बिजली सब स्टेशनों पर तैनात कर कार्य कराए जा रहे हैं। साथ ही गैंगमैन व लाइनमैन की भी तैनाती की गई है। कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। कंट्रोल रूम में सूचना मिलते ही गैंगमैन व लाइनमैन,आउट सोर्सिंग के कर्मचारियों को भेज कर बिजली व्यवस्था बहाल कराई जा रही है। कुछ विद्युत उपकेंद्र पर आउटसोर्सिंग के कर्मचारी भी नदारद रहे जिनके खिलाफ एस्मा के तहत 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि आउटसोर्सिंग के 37 कर्मचारी काम पर नहीं आए थे। उनकी सूची बनाकर बिजली विभाग के एमडी को भेज दिया गया है। जिनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई हो चुकी है। बिजली व्यवस्था को लेकर आम जनमानस की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जिसका नंबर 9453047253 और बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका लैंडलाइन नंबर 0548-2224041 है। कोई भी उपभोक्ता बिजली से संबंधित परेशानी की सूचना दे सकता है।



### ढढनी व ताड़ीघाट विद्युत उपकेन्द्र से 80 गावों में आपूर्ति बहाल

**गाजीपुर।** आखिरकार शासन व प्रशासन के कड़े तेवरों के बाद शनिवार की दोपहर ढढनी, ताड़ीघाट विद्युत उपकेन्द्र से दर्जनों फीडरों से क्षेत्र के करीब 80 गावों में विद्युत आपूर्ति करीब 27 घंटे बाद बहाल हो गई। इसके बाद किसानों सहित अन्य लोगों ने राहत की सांस ली। जमानियां एसडीएम भारत भार्गव खुद हरेक विद्युत सब स्टेशनों पर पहुंच विद्युत आपूर्ति का जायजा सब स्टेशनों पर तैनात किए गए। लेखपाल, पुलिस कर्मियों व अन्य दूसरे जगहों से बुलाए गए विद्युत कर्मियों से ली। इस दौरान एसडीएम ने चेताया कि अगर किसी के द्वारा विद्युत आपूर्ति में खलल डालने की तनिक भी कोशिश किया या शिकायत मिली तो उनके खिलाफ मुकदमें के साथ उनकी सेवा समाप्ति की भी कार्यवाई की जायेगी। वहीं ताडीघाट विद्युत सब स्टेशन तैनात एस एस ओ ,व अन्य प्राइवेट कर्मी सब स्टेशन छोडकर फरार हो चुके हैं।

## एक नजर

### हाल्ट स्टेशन बनाने की मांग को लेकर कालूपुर तिराहे पर जारी रहा हस्ताक्षर अभियान



**गाजीपुर।** सुहवल क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा शनिवार को दूसरे दिन भी हाल्ट स्टेशन बनाने की मांग को लेकर कालूपुर तिराहे पर हस्ताक्षर अभियान जारी रहा। जिसमें क्षेत्रीय लोगों समेत राहगीर भी अब इसका हिस्सा बनते जा रहे है। इस अभियान को अपार जनसमर्थन मिलने से इसमें जुटे लोगों के हौंसले आसमान छू रहे है। दूसरे दिन अबतक छह हजार से ज्यादा लोगों ने इस अभियान में हस्ताक्षर कर चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा कि रेल मंत्रालय को यात्री सुविधाओं के खातिर यहाँ हर हाल में हाल्ट स्टेशन की मांग को मंजूर करना पडेगा। चाहे इसके लिए उन्हें आंदोलन का जो रूख अख्तियार करना पडे। बस, बाइक, पैदल या अन्य संसाधनों से गुजर रहे मुसाफिरों ने इस चलाए जा रहे अभियान में बढ़चढ़ कर सहयोग का आश्वासन दिया। पूर्व ग्राम प्रधान दीपक सिंह ने कहा कि जनता के हक व अधिकार के लिए वह दिन रात अभियान चलाएगें, अगर महकमें के जिम्मेदारों के द्वारा इस हाल्ट स्टेशन की मांग को नजरअंदाज करने की कोशिश किसी सूरत में बर्दाशत नहीं करेगें वह अपना हक न मिलने पर लोकतांत्रिक तरीके से छीनकर लेगें। इस अवसर पर राकेश राय, सतेन्द्र राय, जलालुद्दीन खां, शफीक खां, तुलसी राम, ओमप्रकाश यादव, जयप्रकाश यादव, शशी राम, मन्नू चौरसिया, आदर्श राय, बबलू बिन्द ,धर्मेन्द्र सिंह, बबन सिंह, पिंटू पांडेय, वीरेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजपा ने की बैठक, कर्तकर्ताओं में भरा जोश

**गाजीपुर।** बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर लगातार सांगठनिक बैठक और कार्यशाला के माध्यम से कार्यकताओं को आगामी चुनावों के लिए चैतन्य कर रही भारतीय जनता पार्टी की आवश्यक समीक्षा सहित कोर ग्रुप व नगर निकाय चुनाव से जुड़े लोगों कि बैठक जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह कि अध्यक्षता में शनिवार को जिला कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी अशोक मिश्रा ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण के लिए सभी जिम्मेदार दायित्वधारी कार्यकताओं को सक्रियता से अपने जिम्मेदारी का निर्वह्न करना होगा। उन्होंने कहा कि जनता के बीच लगातार जनकल्याण के कार्यों को लेकर कार्य कर रही दुनिया कि सबसे बड़ी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है। आज देश और प्रदेश में विश्वास के साथ विकास की जो गति चल रही है। उससे देश बुनियादी रूप से मजबूत हो रहा है। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कार्यो कि समीक्षा करते हुए शीर्ष संगठन से प्राप्त कार्यों एवं निदेशों के अनुसार शीघ्रता से कार्य संपादन पर बल दिया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जिम्मेदार कार्यकर्ता देश और राष्ट्र हित मे सदैव त्याग और बलिदान के लिए तत्पर रहता है। लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने सबके प्रति धन्यवाद आभार प्रकट करते हुए कहा कि कार्यकर्ता से संगठन को मजबूती तथा मजबूत संगठन से सरकार मजबूत होती है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ने किया।

### दिव्यांगजनों के बीच नि :शुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का किया गया वितरण

**बलिया।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साईकिल योजनान्तर्गत 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगताधारी दिव्यांगजनों को विकास खण्ड नवानगर के प्रांगण में मुख्य अतिथि अरविन्द कुशवाहा मा० सांसद लोक सभा क्षेत्र सलेमपुर के कर कमलों द्वारा मोटराइज्ड ट्राई साईकिल का वितरण किया गया । सांसद ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नही है। प्रत्येक दिव्यांग में कोई न कोई दिव्य प्रतिभा होती है, वर्तमान समाज मे जिस प्रकार सामान्य व्यक्ति तेजी से प्रगति कर रहा है, मोटराइज्ड ट्राई साईकिल प्राप्त कर उसी प्रकार दिव्यांगजन भी प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर होगे।



### शक्ति केंद्र पर पढ़ा गया राष्ट्पति का अभिभाषण

**मनियर बलिया।** भारत के राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण का प्रत्येक शक्ति केंद्र पर संगोष्ठी कार्यक्रम के तहत नोजा कान्वेंट स्कूल छितौनी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भाषण को चार भागों को 4 लोगों ने पढ़ा । भाग संख्या एक मंडल अध्यक्ष मनियर शुतांशु गुप्ता, दूसरा भाग युवा संगठन अध्यक्ष गोपाल जी ,तीसरा भाग पिछड़ा मोर्चा के मंत्री शारदानंद साहनी एवं चौथे भाग को योगेन्द्र सिंह ने पढ़ा। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में हर क्षेत्रों में विकास का कार्य तेज गति से हो रहा है। पहली बार आदिवासी महिला राष्ट्रपति के पद पर पहुंची है ।राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी ने महिलाओं के विकास के बारे में अपने अभिभाषण में चर्चा की।भारत आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत काल में प्रवेश किया है ।इस समय देश विकास की ओर अग्रसर है।

**शारदा नारायण सभागार में क्षत्रिय सद्भाव संघ ने किया होली मिलन व कवि सम्मेलन**

# आपसी मतभेद को भुलाकर एकजुट होना ही वास्तविक सद्भाव : रामाश्रय सिंह

**केटी न्यूज/मऊ**

समाज में स्वजनों के विकास और उत्थान के लिए आपसी सदभाव का होना नितांत आवश्यक है। आपसी कटुता और वैमनस्यता का लाभ अन्य लोग उठाते हैं। इससे बचते हुए आपसी समन्वय स्थापित करना होगा। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक सिंह ने यह उद्गार व्यक्त किया। शुक्रवार की देर शाम शारदा नारायण हास्पिटल सभागार में क्षत्रिय सदभाव संघ के तत्वावधान में आयोजित होली मिलन व कवि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि वह बोल रहे थे।



महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत इंडियन गाट टैलेंट विजेता रुद्रांश सिंह ने तबला का एकल वादन किया। महाराणा प्रताप के जीवन का चलचित्र प्रस्तुत किया गया। आकस्मिक चिकित्सा विशेषज्ञ डा सुजीत सिंह के स्वागत वक्तव्य के उपरांत प्रसिद्ध जनकवि राघवेंद्र प्रताप सिंह, गीतकार पुरुषार्थ सिंह, नागेंद्र सिंह बागी, लाल बहादुर सिंह एवं देव प्रताप सिंह ने काव्यपाठ कर वातावरण को होलीमय बना दिया। विशिष्ट अतिथिद्वय रमाशंकर सिंह व रामाश्रय सिंह ने कहा कि समर्थ वर्ग ही राष्ट्रीय विकास में अपने योगदान का निर्वहन कर सकता है। आपसी मतभेद को भुलाकर एकजुट होना ही वास्तविक सदभाव है। आभार ज्ञापन करते हुए डा संजय सिंह ने कहा कि सदभाव संघ की स्थापना का ध्येय सांस्कृतिक-साहित्यिक विकास के साथ अपनी धरोहरों का संरक्षण करना है। आपस में बैठकर मतभेदों को दूर करने के साथ समन्वय बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन पुरुषार्थ सिंह ने किया। इसके पश्चात गुलाल-अबीर और फूलों की होली खेली गई। आयोजन में गनेश सिंह, नवीन सिंह, विजय कुमार सिंह, भरत सिंह, राघवेंद्र सिंह घूरा, डा अजय सिंह, सत्यमित्र सिंह, प्रशांत रत्नम सिंह, विकास सिंह निकुम्भ, बीडी सिंह, धन्नजय सिंह, रजनीश सिंह, सागर सिंह सहित क्षत्रिय समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।